Vol. 2 No 1

# BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY DEBATES

1045
1

OFFICIAL REPORT.

WEDNESDAY, THE 30 TH AUGUST, 1950.

SUPERINTENDENT, GOVERNMENT PRINTING
BIHAR, PATNA.

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

*शुक्रवार, तिथि ६ अक्टूबर, १९५०*

## भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण

सभा का अधिवेशन रांची के सभा-वेश्म में शुक्रवार, तिथि ६ अक्टूबर, १९५० को ८ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

### अल्पसूचना प्रश्नोत्तर

### SHORT NOTICE QUESTION AND ANSWER.

आर० डी० डी० जे० कालेज के हरिजन छात्रों के लिए छात्रवृत्ति

१४ **श्री भागवत प्रसाद :** क्या माननीय मंत्री, हरिजन कल्याण विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) मुंगेर के आर० डी० डी० जे० कालेज के हरिजन छात्रों में गत अप्रिल से जून तक की छात्रवृत्ति कितनों को अभी तक नहीं दी गयी है;

(ख) इस तरह की अनावश्यक और अत्यन्त असुविधाजनक देर का कारण क्या है;

(ग) भविष्य में ऐसी देर नहीं हो, इसके लिए सरकार क्या प्रबन्ध करने का विचार कर रही है?

**माननीय श्री जगलाल चौधरी :** (क) अप्रिल और मई महीने की छात्रवृत्ति उक्त कालेज के छात्रों को अभी तक नहीं दी गयी है।

(ख) कुछ technical कठिनाइयों के कारण मुंगेर के Treasury Officer के यहाँ इस सम्बन्ध में Bill रुका हुआ है।

(४) अपाहजों और असहायों को निःशुल्क सहायता दी जाती है।

### डालमियांनगर में Appointment Board की बैठक

*३८१ श्री देवनारायण सिंह : क्या माननीय मंत्री, राजस्व विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि डालमियांनगर में Appointment Board की बैठक इस साल में एक भी नहीं हुई,

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर हां में है तो इसका क्या कारण है ?

**माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :** (क) उत्तर "हां" में है।

(ख) डालमियांनगर के नियुक्ति परिषद : ( Appointment Board ) का संघटन, खानों को पट्टा में देने के पहले औद्योगिक संस्थाओं में बिहारियों की नियुक्ति को प्रोत्साहन देने की सरकार की सामान्य नीति के फलस्वरूप हुआ था। मिनरल कनशेसन रूल्स, १९४९ के प्रख्यापन और दो राज्यों के व्यक्तियों में कोई भेद भाव न करने से भारत सरकार के निर्देश के कारण इस विषय पर सरकारी परिपत्र ( सर्कुलर ) वापस ले लिया गया है।

*३८२ श्री जयनारायण झा : क्या माननीय मंत्री, राजस्व विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या सरकार को मालूम है कि दरभंगा जिले में कोशी, कमला, जीवछ, बलान और उनकी शाखा नदियों में भयंकर बाढ़ आ जाने के कारण लगभग ७५० ग्राम बेतरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं, और इस बाढ़ और अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि और अनावृष्टि के फलस्वरूप भदई फसल की बहुत बड़ी क्षति हो गई है ;

(ख) क्या सरकार को मालूम है कि भदई फसल की बरबादी के कारण उस जिले में भीषण अन्न संकट आ उपस्थित हुआ है, और बेचैनी फैल रही है ;

(ग) क्या यह बात सही है कि दरभंगा के जिला मजिस्ट्रेट साहेब ने सरकार का ध्यान इस अन्न संकट की ओर आकर्षित किया है और अगामी अगहनी फसल तक अन्नाभाव जनित अशान्ति को रोकने के लिये कम से कम ५ लाख मन अन्न की मांग की है ;

(घ) यदि खंड (ग) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार ने जिला मजिस्ट्रेट साहब की इस मांग पर क्या निर्णय किया है ?

**माननीय श्री कृष्णवल्लभ सहाय :** (क) उत्तर "हां" में है।

(ख) यह सही है कि दरभंगा जिले के बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में भदई की फ़सल के अत्यधिक क्षति पहुंचने से वहां खाद्यान्न का अभाव है।